हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 28 जनवरी 2026

04 जिले में मनाया हर्षोल्लास से गणतंत्र दिवस समारोह



07 गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में जिले के प्रभारी मंत्री ने किया ध्वजा...





## समाचार संक्षेप

### शासकीय एमएलबी स्कूल में पांच दिवसीय कॅरियर मेला शुरू, छात्राओं को मिला मार्गदर्शन

**गुना।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में मंगलवार से पांच दिवसीय कॅरियर मेला की शुरुआत हुई। मेले में छात्राओं को जीवन कौशल, कैरियर योजना, करियर कार्ड और भविष्य की तैयारी पर मार्गदर्शन दिया गया। उद्घाटन सत्र में प्राचार्य मृदुला सक्सेना ने कहा कि लक्ष्य तय कर मेहनत करने पर सफलता निश्चित है। उन्होंने छात्राओं को



विषय चयन और शासकीय सेवाओं से जुड़े कॅरियर विकल्पों की जानकारी दी। करियर काउंसलिंग प्रभारी मदन मोहन शर्मा ने मेले के उद्देश्य और स्थानीय उद्योग, संस्थानों जैसे एफडीडीआई, एनएफएल, गेल, पगारा फैक्ट्री के बारे में जानकारी साझा की। शिक्षक नरेंद्र शर्मा और जयकृष्ण शुक्ला ने विषय चयन, उच्च शिक्षा और शासकीय योजनाओं के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने के विकल्प बताए। शिक्षक देवेंद्र चौरसिया ने अंग्रेजी भाषा के अभ्यास और महत्व पर जोर दिया। बृजेश भार्गव ने शिक्षा के जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला। शिक्षक राजेंद्र जैन ने विभिन्न संस्थानों और उनके पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी दी।मेले के अगले दिनों में कौशल शिक्षा, व्यवसायिक विकल्प, आईटीआई, पॉलिटेक्निक और व्यावसायिक शिक्षा पर सत्र आयोजित किए जाएंगे। आभार संस्था के शिक्षक राजमणि दुबे ने व्यक्त किया।

### मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री ने नपा कर्मचारियों का किया सम्मान



**गुना।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह में सम्मानित होने वाले कर्मचारियों की सूची में नगर पालिका के 41 कर्मचारियों के नाम और दिये गये थे, समय अभाव के कारण मंत्री द्वारा लाल परेड पर प्रशस्ति पर प्रदान नहीं किये जा सके थे, जिन्हे मंगलवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री द्वारा परिषद हॉल में समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निकाय में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी सफाई योद्धाओं, सफाई मेट, एवं कार्यालय के कर्मचारियों को सम्मान दिया गया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजूषा खत्री ने बताया कि नगर पालिका के कर्मचारियों पर अत्यधिक काम का दबाव रहता है और विषम परिस्थितियों में भी उन्हें कार्य करना रहता है। पूरे शहर की अपेक्षाएं नगर पालिका से रहती हैं, ऐसी परिस्थितियों में काम करना एवं सहज रहना एक चुनौती है, जो हमारे कर्मचारी बड़े ही निष्ठा पूर्वक निभाते हैं। आज उनकी इसी कर्मठता को सम्मानित करते हुए श्रीमान कलेक्टर महोदय द्वारा प्रदान किए गए प्रशस्ति कर्मचारियों को दिए गए हैं।

### गणतंत्र दिवस की संध्या पर हुआ भारत पर्व का आयोजन




**गुना।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर मानस भवन गुना में लोकतंत्र का लोकोत्सव भारत पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में सीहोर से आये रामसिंह एवं साथी कलाकारों ने देश भक्ति एवं भजन गायन किया तथा इंदौर से आये कथक देशभक्ति नृत्य, ज्योत्सना सोहोनी के नृत्यों की प्रस्तुत दी तथा स्कूल के छात्रों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। भारत पर्व के कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग गुना द्वारा शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का अवलोकन उपस्थित अतिथियों तथा आमजनों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल, जिला जनसंपर्क अधिकारी शुभम शर्मा सहित गणमान्य नागरिक,पत्रकारगण एवं आमजन नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन प्राचार्य सीएम राइज आशीष टांटिया द्वारा किया गया।

### आज विभिन्न क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह रहेगा बाधित

**गुना।** सहायक प्रबंधक शहर विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 220/132/33 केव्ही ईएचव्ही गुना उपकेन्द्र पर 50 एमव्हीए नवीन पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापना कार्य होने के कारण गुना शहर जोन के विभिन्न फीडरों पर 28 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर3 बजे तक 33 केव्ही उच्चदाब कनेक्शन पुराना औद्योगिक क्षेत्र, भार्गव कालोनी, मटकरी कॉलोनी, गुरूनानक कॉलोनी, वर्धमान भवन, कमला गेरिज, उमरिया गॉव, शांति ढाबा, हाटरोड, हनुमान चौराह, पुरानी गल्ला मण्डी, राधा कॉलोनी, छावडा कॉलोनी क्षेत्र, आर्शीवाद रोड़, नई सड़क, अस्पताल चौराहा, जैन भोजनालय आदि क्षेत्र, लक्ष्मीगंज, सोनी कॉलोनी, दूबे कॉलोनी, बैजू चौराहा, जयस्तंभ चौराहा, चौधरन कॉलोनी, तलैया मौहल्ला, हरिओम किराना पुरानी छावनी, सोनी कॉलोनी, धाकड़ कॉलोनी, विधार्थीनगर, विध्यांचल कॉलोनी, राज कॉलोनी, बी.जी. रोड़, आदिशनगर, रामकृष्ण कॉलोनी, कृष्णणी कॉलोनी, साई सिटी कॉलोनी, भुल्लनपुरा वाला क्षेत्र, श्रीराम कॉलोनी,बूढे बालाजी आदि क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा।

## चाचौड़ा में पत्रकारों को मिली सौगात

# एसडीएम व प्रेस क्लब अध्यक्ष ने फीता काटकर किया पत्रकार भवन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



नगर में लंबे समय से प्रतीक्षित पत्रकार भवन का सपना सोमवार को साकार हो गया। स्थानीय पत्रकारों के लिए नवनिर्मित भवन का विधिवत शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी रवि मालवीय एवं प्रेस क्लब के अध्यक्ष आनंद सिंह लोढा द्वारा रिबन काटकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में गुप्त नवरात्रि के अवसर पर नौ कन्याओं का पूजन किया गया तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का पत्रकारों द्वारा आत्मीय स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम ने संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत करने की दिशा में यह भवन मील का पत्थर साबित होगा। इससे पत्रकारों को न केवल एक छत मिली है, बल्कि उनके बीच आपसी समन्वय भी बढ़ेगा। क्षेत्रीय 'जनप्रतिनिधि बल्लू चौहान ने इस मौके पर कहा कि यहां से आमजन को न्याय मिलेगा अब उन्हें इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदुमन मीना ने कहा कि पत्रकारों द्वारा जब इस भवन के लिए प्रशासन से मांग की जा रही थी तब मैंने उनकी मांग पर अपनी सहमति व्यक्त कर दी थी आज मुझे बेहद प्रसन्नता है। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष भोला सोनी ने कहा कि पत्रकार सच को बाहर लाने वाला व्यक्ति होता है जब भी कोई व्यक्ति मुसीबत में होता है तो वह पत्रकार के पास पहुंचता है। नगर परिषद की उपाध्यक्ष रश्मि कल्लू शर्मा ने कहाआपने संगठनात्मक रूप से आवाज उठाई और आज आपकी मांग पूरी हो गई, आप इसी तरह से जनता के लिए आवाज उठाते रहिए आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं। वार्ड नंबर 9 की भाजपा पार्षद राजेश्वरी जादौन ने कहा यह भवन पत्रकारों के लिए बहु उपयोगी साबित होगा सभी को शुभकामनाएं। भवन मिलने से स्थानीय पत्रकार साथियों में हर्ष का माहौल है। अब क्षेत्र की समस्याओं और खबरों के संकलन के लिए पत्रकारों के पास एक व्यवस्थित केंद्र होगा।

इस उपलब्धि के लिए जहां प्रशासन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है वहीं प्रेस क्लब के ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव और उनकी टीम ने भी अथक मेहनत और प्रयास किया जो सराहनीय है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों और प्रशासन का बृजेश श्रीवास्तव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। समस्त अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## गले में तख्तियां टांग कर कलेक्टर की चौखट पर पहुंचे ग्रामीणों ने कहा...

# हमें भूमाफिया से मुक्ति दिलाओ या इच्छा मृत्यु दो

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



जिले में भूमि विवाद को लेकर एक आदिवासी परिवार ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट में शिकायती आवेदन सौंपा है। जनसुनवाई में आदा सैकड़ा से अधिक पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट के द्वार पर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी अपने गले में तख्तियां लटका कर पहुंचे थे जिसमें उन्होंने भू माफिया से बचाने या मृत्यु की दरकार जताई है। पीड़ित परिवार का कहना है कि उनकी पुश्तैनी भूमि पर भू-माफियाओं ने अवैध तरीके से कब्जा करने का प्रयास किया है और इसके लिए राजस्व अमले के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत भी सामने आ रही है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि संबंधित जमीन वर्षों से उनके स्वामित्व और कब्जे में है, जिसे कभी किसी को बेचा नहीं गया। बावजूद इसके कुछ लोगों द्वारा फर्जी विक्रय पत्रों के माध्यम से नामांतरण करवा लिया गया और अब उन्हें बार-बार परेशान किया जा रहा है। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि पुलिस को भी प्रभाव में लेकर दबाव बनाया जा रहा है। परिवार के सदस्यों ने कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाते हुए जमीन पर उनका वैध अधिकार बहाल कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। आवेदन पर हस्ताक्षर व अंगूठा निशान लगाकर उन्होंने अपनी शिकायत दर्ज कराई। मामले को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि आवेदन प्राप्त हुआ है और तथ्यों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### ■ इनका कहना है

जगनपुर के व्यक्ति ने किसी दूसरे व्यक्ति को रजिस्ट्री कराई है उसमें कुछ रखवा इनका भी है। ऑलरेडी दोनों पक्षों ने आवेदन दिए हैं ।कलेक्टर सर ने एसडीएम मैडम को जांच के लिए कहा है मैडम जांच करेंगी और जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई होगी।

**गौरीशंकर बेरवा,** तहसीलदार गुना

## जामनेर थाना पुलिस की अवैध मुरम उत्खनन पर कार्रवाई, पोकलेन और डंपर किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस की सख्त नीति का उदाहरण पेश करते हुए, जामनेर थाना पुलिस ने ग्राम टोडरा की पठार पर अवैध मुरम उत्खनन और परिवहन करते हुए एक पोकलेन मशीन और डंपर जप्त किया है। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त नेतृत्व में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह कुशवाह की टीम ने अवैध उत्खनन की सूचना मिलने के बाद मौके पर तुरंत कार्रवाई की। मौके पर पोकलेन मशीन चालक रघुवीर (सुरक्षित ब्यावरा) और डंपर चालक प्रेमनारायन (बरखेडीमाफी, थाना चाचौड़ा) को हिरासत में लिया गया। दोनों के पास



उत्खनन और परिवहन के कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए, जिससे यह कृत्य धारा 106 बीएनएसएस के अंतर्गत अपराध पाया गया। पुलिस ने पोकलेन मशीन और डंपर को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की और घटना की जानकारी खनिज विभाग को अग्रिम कार्रवाई हेतु भेजी। जामनेर थाना पुलिस की इस कार्रवाई से स्पष्ट संदेश जाता है कि जिले में अवैध उत्खनन या किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह कुशवाह, उपनिरीक्षक हेमेन्द्र सिंह राजपूत, सउनि राजकुमार सिंह रघुवंशी और आरक्षक पंजाब सिंह गुर्जर की टीम ने इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## झमाझम बारिश के साथ ओलावृष्टि मौसम ने अचानक बदला मिजाज

| गुना (27/01/2026) | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 2.2 C |
| न्यूनतम तापमान | 14.5C |
| आर्द्रता (सुबह) | 093% |
| आर्द्रता (शाम) | 092% |
| सूर्योदय IST | 07:05 |
| सूर्यास्त IST | 18:03 |
| वर्षा (08:30 To 17:30 ) IST | 21.2mm |

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



पिछले तीन–चार दिनों से बादलों की लुकाछिपी के बाद मंगलवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली और शहर में झमाझम बारिश के साथ ओले गिरने लगे। सुबह करीब आधे घंटे तक हुई तेज बारिश ने ठंडक बढ़ा दी, वहीं ओलावृष्टि के कारण जनजीवन कुछ देर के लिए थम सा गया। बारिश शुरू होते ही सड़कों पर पानी बहने लगा और मौसम पूरी तरह सुहावना हो गया।मंगलवार सुबह आसमान में घने बादल छाए रहे और कुछ ही देर में तेज बारिश शुरू हो गई। इस दौरान गुना शहर में लगभग आधे घंटे तक अच्छी बारिश हुई। वहीं जिले के आसपास के क्षेत्रों में मावन सहित अन्य ग्रामीण इलाकों में ओले गिरने की खबरें सामने आई हैं। अचानक हुई ओलावृष्टि को देखकर लोग घरों से बाहर निकल आए और कई स्थानों पर लोगों ने अपने घरों के बर्तनों में ओले भर लिए। बच्चों में खासा उत्साह देखा गया और लोग इस बदलते मौसम का आनंद लेते नजर आए।बारिश और ओलावृष्टि के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार को गुना में न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि सुबह के समय आर्द्रता का स्तर 93 प्रतिशत तक पहुंच गया। अधिक नमी के कारण सुबह हल्की ठंड का अहसास रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से क्षेत्र में यह बदलाव देखने को मिला है।

अचानक हुई बारिश से जहां लोगों को सर्दी का एहसास हुआ, वहीं किसानों के लिए यह मौसम राहत और चिंता दोनों लेकर आया है। कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल मौसम साफ होने की ओर है, लेकिन बादलों की आवाजाही बनी रहने के संकेत मिल रहे हैं।

### सुरक्षा सैनिक एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप आयोजित

**गुना।** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय गुना मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जयपुर के द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा सैनिक के पद पर भर्ती कैंप 27 जनवरी ग्रामीण आजीविका भवन बमोरी में किया गया जिसमें गांवों से 17 युवाओं ने भाग लिया शारीरिक मापदंड के अनुसार सुरेंद्र कुमार भर्ती अधिकारी ने 5 युवाओं का चयन किया कमांडेंट कपिल शर्मा ने बताया कि अगला कैंप 28 जनवरी शासकीय महाविद्यालय बीनागंज चाचौड़ा 29 जनवरी जनपद पंचायत ग्रामीण आजीविका भवन कुंभराज में अयोजन किया जा रहा है सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक किया जायेगा जिसमें इन चयनित युवाओं को जयपुर में 1 माह के प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक की स्थाई नोकरी दी जाएगी।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवती की मौत, परिजनों ने युवक पर जहर खिलाने का लगाया आरोप

**गुना।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में गत दिवस जहरीला पदार्थ खाने से 23 वर्षीय युवती की मौत का मामला सामने आया है। युवती को उसके दोस्त देर रात जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद युवती के परिजनों ने एक युवक पर साजिश के तहत जहर खिलाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। मृतका के परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी आरती पिता जगदीश सेन मंगलवार दोपहर करीब 2:30 से 3 बजे के बीच बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी। उस समय यह जानकारी नहीं थी कि वह किसके साथ गई है। देर रात परिजनों को रिश्तेदारों के माध्यम से सूचना मिली कि युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही परिजन तुरंत अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक हालत गंभीर हो चुकी थी और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।परिजनों का आरोप है कि सुमित नाम का युवक, जो नईसराय का रहने वाला है, ने बीनागंज की एक युवती और तमन्ना नाम की लडक़ी के साथ मिलकर उनकी बेटी को कमरे पर बुलाया। वहां उसे सल्फास की गोली खिलाई गई। परिजनों का दावा है कि कमरे के फोटो उनके पास मौजूद हैं, जिनमें जहरीली दवा पड़ी दिखाई दे रही है। इसके अलावा उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी युवक ने उनकी बेटी के आपत्तिजनक वीडियो बना रखे थे, जिनके सबूत भी उनके पास हैं। कमरे में माला डालकर शादी जैसे फोटो भी मिले हैं।

परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी युवकों ने अस्पताल में भर्ती कराते समय पर्चे पर उनका नाम लिखवाया और बिना बताए वहां से निकल गए। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के आरोपों, उपलब्ध सबूतों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आकर्षक परेड मार्च, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं चलित झांकिया ने मोहा मन

# लाल परेड मैदान में खाद्य मंत्री राजपूत ने फहराया तिरंगा








हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

26 जनवरी के अवसर पर लाल परेड मैदान में प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री एवं गुना जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की मुख्य आतिथ्य में 77वां गणतंत्र दिवस गरिमामय रूप से मनाया गया। मंत्री राजपूत ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और स्वतंत्रता सेनानियों को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम में पुलिस, एसएएफ, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट, रेडक्रॉस और शौर्य दल सहित 13 प्लेटून ने आकर्षक मार्च पास्ट की प्रस्तुति दी। विभिन्न विभागों की चलित झांकियों और स्कूलों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

मुख्य अतिथि ने उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। मार्च पास्ट, झांकियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार भी वितरित किए गए।इसके अलावा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत आठ हितग्राहियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन किट प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन आशीष टांटिया और आकाशवाणी उद्घोषक रेखा श्रीवास्तव ने किया।

# जिले में मनाया हर्षोल्लास से गणतंत्र दिवस समारोह

## समाचार संक्षेप

### हर्षोल्लास के साथ मनाया राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह




**आरोन।** मतदान केन्द्र क्रमांक-218, आरोन का राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल, आरोन में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम महेश कुमार वमनाह एवं अध्यक्षता तहसीलदार धीरेन्द्र गुप्ता ने की। वीएलओ संघ अध्यक्ष एवं बीएलओ दिलवर खान द्वारा अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया।मुख्य अतिथि एसडीएम महेश कुमार वमनाह ने उपस्थित मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। बलराम कुशवाह, विनोद तिवारी, मुजाहिद खान, विकास शर्मा, दिनेश नरवरिया, रितिक भार्गव, गुलशन जोशी एवं रोशन लांजीवार सहित स्थानीय कलाकारों ने देशभक्ति गीतों से माहौल को भावपूर्ण बना दिया।विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता, मोबाइल के दुष्प्रभाव एवं सांस्कृतिक विरासत पर आधारित प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। इस दौरान वरिष्ठ मतदाताओं का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया।कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं, स्थानीय कलाकारों एवं पत्रकारों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। तहसीलदार धीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास को और सुदृढ़ करता है, विशेषकर प्रथम बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का संचालन विकास शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन मुकेश झा द्वारा किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण एवं सैकड़ों मतदाता उपस्थित रहे।

### भादौर मंडल में विराट हिंदू सम्मेलन संपन्न

**भादौर।** भादौर मंडल में सकल हिंदू समाज द्वारा विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जय श्रीराम के नारों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें मातृशक्ति ने कलश धारण कर सहभागिता की। बालाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित सम्मेलन में 12 गांवों के लगभग तीन हजार हिंदू समाजजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में भारत माता, तुलसी माता व गौ माता का पूजन कर हवन किया गया। वक्ताओं ने जात-पात समाप्त कर सामाजिक समरसता व एकता पर जोर दिया। सम्मेलन का समापन सहभोज के साथ हुआ।



### भाजपा पार्षद प्रतिनिधि सोनू लांचा के निवास पर प्रभारी मंत्री का भव्य स्वागत

**आरोन।** मध्य प्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा गुना जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का भाजपा पार्षद प्रतिनिधि सोनू लाँचा के निवास पर अल्प प्रवास के दौरान भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने आत्मीय अभिनंदन किया।कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, जिला मीडिया प्रभारी अंकुर, मंडल अध्यक्ष सुरजीत जी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंत्री राजपूत ने संगठन की एकजुटता की सराहना करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया।





### नगर परिषद आरोन में गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ झंडा वंदन

**आरोन।** नगर परिषद आरोन कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय भावना और उत्साह के साथ झंडा वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष अरुणा शैलेश जैन, मुख्य नगर अधिकारी दिनेश कुमार सोनी सहित पार्षदगण, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।झंडा वंदन के पश्चात सामूहिक रूप से राष्ट्रगान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष अरुणा शैलेश जैन ने राष्ट्रीय ध्वज को गौरव, एकता और संप्रभुता का प्रतीक बताते हुए राष्ट्रहित में समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। मुख्य नगर अधिकारी दिनेश कुमार सोनी ने नगर परिषद की विकास योजनाओं को पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ क्रियान्वित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।कार्यक्रम के अंत में सभी ने देश की एकता, अखंडता एवं विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष भाजपा कार्यालय पर किया झंडा वंदन

**आरोन।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यालय पर प्रातः 8 बजे भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह धाकड़ ने झंडा वंदन किया और कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।



कार्यक्रम में भाजपा पार्षद बृजेंद्र सिंह राजपूत, राजवीर सिंह रघुवंशी, महेंद्र सिंह रसल्ला, देवेंद्र सिंह हल्के, शेर सिंह धाकड़, गोविंद शर्मा, मुनेष जैन, लखनपुरी, राजीव सिंह राजावत, राकेश नरवरिया, भाजपा महिला मोर्चा जिला मंत्री अनीता जैन, मंडल अध्यक्ष राम कन्या यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर झंडा वंदन, दी शुभकामनाएं



**आरोन।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर वर्धमान कंपलेक्स परिसर में महिला सर्वोदय उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान (13-14-15) पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह धाकड़ की अध्यक्षता में एसडीएम महेश कुमार बमनहा और नायब तहसीलदार अमित जैन ने प्रातः 8:30 बजे झंडा वंदन किया और एक-दूसरे को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर कंट्रोल संचालिका अनीता जैन ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ व शाल-श्रीफल देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद शर्मा ने किया और आभार समाजसेवी पत्रकार रुस्तम खान ने व्यक्त किया।कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह हल्के, राजवीर सिंह रघुवंशी, दौलत खटीक, डॉ. राजीव सिंह राजावत, लखनपुरी, सचिन यादव, रविशंकर सेन, भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामकन्या यादव एवं अन्य कार्यकर्ता और पत्रकार उपस्थित रहे।

### पुलिस थाना आरोन में ध्वजारोहण एकता और निष्ठा का संकल्प




**आरोन।** गणतंत्र/स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस थाना आरोन परिसर में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारी पंकज कुशवाहा ने राष्ट्रीय ध्वज को फहराया और सलामी दी।कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे और राष्ट्रगान गाकर देश की एकता, अखंडता एवं संविधान के प्रति निष्ठा का संकल्प लिया। थाना प्रभारी पंकज कुशवाहा ने सभी को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्व निभाने का संदेश दिया।

### कृषि उपज मंडी में गणतंत्र दिवस पर झंडा वंदन

आरोन। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कृषि उपज मंडी परिसर में झंडा वंदन कार्यक्रम आयोजित किया। एसडीएम महेश कुमार बहम्ना ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी।कार्यक्रम में नायब तहसीलदार अमित जैन, मंडी सचिव मनोज शर्मा, कर्मचारी, व्यापारी और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। झंडा वंदन के बाद राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। वक्ताओं ने गणतंत्र दिवस के महत्व और संविधान के मूल्यों का पालन करने का आह्वान किया।



### शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरोन में ध्वजारोहण कार्यक्रम



**आरोन।** शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरोन में राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर गरिमामय वातावरण में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्र प्रभारी डॉ. एन. भीलवारे ने तिरंगा फहराया और राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया।कार्यक्रम में चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। डॉ. भीलवारे ने राष्ट्रीय पर्वों से प्रेरणा लेकर कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ देश सेवा करने का संदेश दिया और स्वास्थ्य सेवाओं को जनोन्मुखी बनाने का संकल्प व्यक्त किया।




राघोगढ़ । ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में झंडा वंदन करते हुए कांग्रेस जन।




राघोगढ़ । नगर के समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी धर्मेंद्र श्रीवास्तव व समस्त स्टाफ ने झंडा वंदन करते हुए।



राघोगढ़ । राघोगढ़ नगर के प्रगति मानव सेवा संस्था राघोगढ़ पर झंडा वंदन करते हुए संस्था के सदस्य।

### राघौगढ़ में 51 साधकों द्वारा सुंदरकांड का महाअनुष्ठान

**राघौगढ़।** श्री हनुमान मढिया धाम राघौगढ़ में श्री पशुपतिनाथ महादेव एवं वीर हनुमान मंदिर की तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर 51 साधकों द्वारा सुंदरकांड महाअनुष्ठान आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाआरती का आयोजन भी किया गया।कार्यक्रम में अरविंद धाकड़ (अध्यक्ष जिला पंचायत गुना), विजय साहू (अध्यक्ष नगर पालिका परिषद राघौगढ़), राजकुमारी नायक और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी साधक साध्विक परिधान में उपस्थित थे। महाअनुष्ठान के बाद अतिथियों ने रामजी और हनुमान जी की आरती की। समिति द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ और हार-शाल पहनाकर स्वागत किया गया।मढिया धाम पर श्री राम-जानकी मंदिर निर्माणाधीन है, जिसे जन सहयोग से पूरा किया जा रहा है। कार्यक्रम में सुंदरकांड वाचकों को स्वर्गीय श्री वल्लभ श्रीवास्तव जी की स्मृति स्वरूप सुंदरकांड भेंट किया गया।



### चाचौड़ा में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रोशनी और तिरंगा फहराया









**चाचौड़ा।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर नगर चाचौड़ा में शासकीय और निजी संस्थानों को आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया। पत्रकार भवन बीनागंज पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष मीना समाज ने झंडा फहराया। गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम 26 जनवरी को चाचौड़ा मुख्य चौराहे पर आयोजित किया गया, जिसमें नगर परिषद उपाध्यक्ष रश्मि शर्मा ने ध्वजारोहण किया। तहसील प्रांगण, कम्युनिटी हॉल, विजय स्तंभ, मेला ग्राउंड और झंडा चौक सहित कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम में जनपद सीईओ, एसडीएम चाचौड़ा रवि मालवीय, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे।शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल बीनागंज, सांदीपनि हायर सेकेंडरी स्कूल, कन्या कॉलेज, रजिस्ट्रार ऑफिस सहित कई संस्थानों में ध्वजारोहण और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही प्रिंस पब्लिक स्कूल, सनसिटी स्कूल, ज्ञान मंदिर और एंजल पैराडाइज सहित निजी विद्यालयों में भी रंगारंग देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।एसडीएम रवि मालवीय के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग, नगर परिषद और अन्य संस्थाओं ने राष्ट्रीय पर्व को गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया, जिसमें कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया गया।

## कलेक्टर ने शासकीय उचित मूल्य दुकान व आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा मंगलवार को जिला मुख्यालय अशोकनगर पर संचालित सुभाष प्राथमिक उपभोक्ता भंडार शासकीय उचित मूल्य दुकान वार्ड 3 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि दुकान से संलग्न हितग्राहियों की सूची दुकान पर रखी जाए। साथ ही विगत तीन माह से राशन न लेने वाले हितग्राहियों की सूची दुकान पर चस्पा की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि हितग्राहियों को समय पर राशन मिले इस हेतु दुकान का संचालन नियमित रूप से समय पर किया जाए। भ्रमण के दौरान अशोकनगर शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 2 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र 01 गोराघाट का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी संचालन के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए।




### भारतीय मजदूर संघ अशोकनगर का जिला सम्मेलन संपन्न

**अशोकनगर।** भारतीय मजदूर संघ जिला शाखा अशोकनगर का जिला सम्मेलन सरस्वती स्कूल गौशाला रोड अशोकनगर में आयोजित सम्मेलन के दौरान भारतीय मजदूर संघ अशोकनगर जिले की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिला सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश से अधिकृत भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री एवं ग्वालियर संभाग प्रभारी राजन नायर रहे और भारतीय मजदूर संघ विभाग (गुना अशोकनगर) के सहविभाग प्रमुख सोनपाल यादव उपस्थित रहे। मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं भारत माता और दत्तोपंत ठेगड़ी ,भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथि परिचय के बाद संगठन का गीत गाया गया। बैठक की अध्यक्षता बबीता रघुवंशी भारतीय मजदूर संघ जिला उपाध्यक्ष द्वारा की गई। विशेष अतिथि सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष एवं भारतीय मजदूर संघ पूर्व जिला अध्यक्ष रामवीर सिंह रघुवंशी रहे। कार्यक्रम का संचालन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री हरि सिंह रघुवंशी हैरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम दौरान वर्तमान कार्यकारिणी को भंग किया गया। इसके पश्चात भारतीय मजदूर संघ जिला अशोकनगर की नवीन कार्यकारिणी सर्वसहमति से गठन करके मुख्य अतिथि राजन नायर द्वारा घोषणा की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष हरि सिंह रघुवंशी (हैरी), उपाध्यक्ष धनपाल यादव,रामगोपाल विश्वकर्मा, बबीता रघुवंशी रही।जिला मंत्री शिशुपाल सिंह यादव बने। जिला सहमंत्री सीमा श्रीवास्तव, मुकेश परिहार, गौरीशंकर जाटव रहे। जिला कोषाध्यक्ष मयंक शर्मा बने,विधि सलाहकार सतीश सिंह रघुवंशी ,कार्यालय मंत्री चंद्रपाल सिंह रघुवंशी वहीं जिला कारिकारणी सदस्य शिल्पा शर्मा, राजकुमार जाट, शिवराज सिंह रघुवंशी ,दौलत सिंह धाकड़ और प्रकाश सिंह यादव बने। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशा संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा पटेल राज्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव विष्णु प्रसाद साहू राज्य कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह रघुवंशी वरिष्ठ नागरिक संघ जिला अध्यक्ष माधव सिंह रघुवंशी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अध्यक्ष सुनीता विश्वकर्मा बसंत सक्सेना रामबाबू रघुवंशी कोक सिंह यादव मुन्नालाल कलावत विजय रघुवंशी घनश्याम सोनी महेंद्र शर्मा आदि रहे मौजूद।

### अध्यक्ष पद का चुनाव 15 फरवरी को

**अशोकनगर।** मैथिल ओझा समाज ट्रस्ट की चुनाव कमेटी की बैठक डॉ. राम कुमार ओझा के क्लिनिक पर संपन्न हुई। जिसमें चुनाव दल के प्रभारी एवं सह प्रभारी के द्वारा ट्रस्ट के चुनाव 15 फरवरी 2026 को कराना सुनिश्चित किया गया। 7 एवं 8 फरवरी को अध्यक्ष पद हेतु उमीदवार फॉर्म चुनाव अधिकारी से समाज की धर्मशाला से समय दोपहर 12:00 से 5:00 बजे तक प्राप्त कर सकेंगे। नामांकन फार्म जमा दिनांक 9 फरवरी को उक्त स्थान पर समय 12 से 5 बजे तक कर सकेंगे। फार्म वापसी एवं निर्देशन पत्र की जांच दिनांक 11 फरवरी को 2:00 बजे से 5:00 तक की जाएगी।

### विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 125 मरीजों की जांच की गई

**अशोकनगर।** श्री करुणा निधि सेवा समिति अशोकनगर के तत्वाधान में श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत रोटरी भवन अशोकनगर में संपन्न हुआ। जिसमें 125 मरीजों की जांच की गई और 75 को चिन्हित कर भोजन करवा कर सतगुरु नगर आनंदपुर तहसील लटेरी जिला विदिशा बस द्वारा भेजा गया, जिसमें रोटरी का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर करूणा निधि समिति के अध्यक्ष माधव सिंह करैया, कोषाध्यक्ष पारस चंद्र जैन, सह सचिव प्रदीप शर्मा, लकी शर्मा, हरिमोहन गुप्ता, रोटेरियन रोशन कोहली मौजूद रहे।




### 6 लाख 85 हजार की राशि स्वीकृत

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ डॉ अलका त्रिवेदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 685000 राशि स्वीकृत की गई। आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर डॉ सौरभ शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सीएमएचओ द्वारा चार बच्चों की सर्जरी के लिए 6,85,000 राशि स्वीकृत हुई। जो कि निम्नानुसार हैं। कार्तिक यादव निवासी उम्र 5 साल पिपरई को 95000, नवीन दांगी शाढौरा उम्र 6 माह को 29000 की राशि स्वीकृत की गई।

### शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय का रहा दबदबा

**अशोकनगर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को आयोजित जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अशोकनगर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भारतीय संविधान की गरिमा और देश के विविध राज्यों की सांस्कृतिक झलक को प्रस्तुत करते इस भव्य नृत्य में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सामूहिक सहभागिता निभाई। नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों के साथ-साथ निर्णायकों को भी विशेष रूप से प्रभावित किया।









## खबर संक्षेप

### मिक्सर और ट्रैक्टर के बीच फसने से मजदूर की मौत

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत सडक निर्माण कंपनी के मिक्सर प्लांट पर मशीन को पीछे करते समय एक युवक ट्रेक्टर और मशीन के बीच में फंस गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई, यह युवक प्लांट पर ही काम करता था। मृतक शिव कुमार पुत्र वीरेन्द्र सिह यादव उम्र 30 वर्ष है जो ग्राम बंधी का रहने वाला था। घटना को लेकर परिजनों ने नाराजगी जताई, युवक की मौत के बाद बहादुरपुर के अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस इस मामले की जांच करने में जुटी है कि आखिर यह घटना कैसे हुई है।

### मध्याह्न भोजन कार्यक्रम में शामिल हुए प्रभारी मंत्री

**अशोकनगर।** गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के पश्चात मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला जनपद पंचायत अशोकनगर अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय भादोन पहुंचकर मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ भोजन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, जिला शिक्षा अधिकारी सी.एस.सिसौदिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शैलेन्द्र यादव सहित अधिकारीगण, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### मयंक जैन जयपुर में राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से सम्मानित

**अशोकनगर।** जिले के प्रतिभाशाली युवा और प्रख्यात शिक्षाविद मयंक जैन ने राष्ट्रीय पटल पर अशोकनगर का गौरव बढ़ाया है। राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित जयपुर इंटरनेशनल सेंटर के भव्य सभागार में 26 जनवरी 2026 को आयोजित एक गरिमामय समारोह में उन्हें प्रतिष्ठित राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2026 से विभूषित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान, शोध कार्यों में सक्रियता और समाज सेवा के प्रति अटूट समर्पण के लिए प्रदान किया गया है। मयंक जैन विगत 10 वर्षों से अलीगढ़ की प्रतिष्ठित मंगलायतन यूनिवर्सिटी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### मावठे की वर्षा के बाद मौसम मे ठंडक घुली

**अशोकनगर।** जिले में मावठे की वर्षा होने के बाद मौसम ठण्डा हो गया है। दिन में और शाम को दो बार वर्षा हुई। मौसम ठण्डा होने के बाद ठण्ड ने अपना असर दिखाना प्रारंभ कर दिया है। अभी तक लोग यह समझ रहे थे कि ठंड के मौसम की विदाई हो गई है उनका यह सोचना गलत सावित हुआ। इस बार यह मावठे की पहली वर्षा है। जिसके बाद लोगों ने अपने गर्म कपड़ों को निकाल लिया है।

### मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया, आकर्षक मार्च पास्ट के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

# गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में जिले के प्रभारी मंत्री ने किया ध्वजा रोहण













हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में 77वें राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पूर्ण गरिमा, उमंग, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय पर मोहरीराय स्टेडियम अशोकनगर में आयोजित मुख्य समारोह में नवीन एवं नवकरणीय उर्जा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तत्पश्चात राष्ट्रगान का गायन हुआ। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि ने कलेक्टर साकेत मालवीय एवं पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के साथ परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गणतंत्र दिवस पर प्रदेश की जनता के नाम प्रसारित संदेश का वाचन किया गया।

समारोह में परेड कमाण्डर शिवमंगल सिंह लोधी एवं टूआईसी. सूबेदार आईना साहिबा के नेतृत्व में परेड की टुकड़ियां द्वारा भव्य एवं आकर्षक मार्चपास्ट किया गया। परेड की टुकड़ियों में विशेष सशस्त्र बल 26वीं बटालियन, जिला पुलिस बल पुरूष, जिला पुलिस बल महिला, होमगार्ड, एनसीसी शासकीय नेहरू महाविद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाइड दल, शासकीय उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर का स्काउट दल, राव माधव उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय का स्काउट दल, ब्राईट माध्यमिक शाला का स्काउट दल, शौर्य दल, पुलिस बैंड का दिव्य घोष शामिल हुए। मुख्य अतिथि द्वारा परेड के सभी कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया गया।समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गई। साथ ही रंगबिरंगे गुब्बारे खुले गगन में छोड़े गए। परेड की टुकड़ियों द्वारा हर्षफायर कर राष्ट्रपति की जय के नारे लगाए गए। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा लोकतंत्र सेनानी कमल सिंह रघुवंशी एडवोकेट को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

### विभागीय योजनाओं पर आधारित झांकियां प्रदर्शित

गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं को प्रदर्शित करती हुई झांकियां निकाली गई। इन झांकियों में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं पर आधारित झांकियों में कई प्रस्तुतियां प्रदान की गईं। इन सभी झांकियों के माध्यम से विभिन्न विभागों ने अपने अपने कार्यों की उपलब्धि दिखर्ाइं।

### पीटी का हुआ प्रदर्शन

समारोह में विभिन्न स्कूलों के चयनित 600 छात्र-छात्राओं ने 16 मुद्राओं में सामूहिक आकर्षक पी.टी. प्रदर्शन कर अनुशासन को रेखांकित किया। समारोह में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। सीएम राईज संदीपनी हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा हमारा देश हमारा संकल्प,लायन्स पब्लिक स्कूल द्वारा संकल्प से सिद्धि की ओर भारत,तारासदन स्कूल द्वारा भारतीय नारी भारत की शक्ति,शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा आत्मनिर्भर विकसित भारत,ब्राईट मॉडल हायर सेकेण्डरी द्वारा भारत की एकता एवं महत्ता,शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा हमारी बेटियां आत्मनिर्भर थीम पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन पर किया पुरूस्कृत

मुख्य अतिथि द्वारा जिले के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परेड में भाग लेने वाली टुकड़ियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर वर्दीधारी ग्रुप में एसएएफ 26वीं बटालियन को प्रथम, जिला पुलिस बल महिला को द्वितीय तथा जिला पुलिस बल पुरूष को तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया गया। इसी प्रकार गैर वर्दी धारी में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के गाईड दल को प्रथम, शासकीय नेहरू महाविद्यालय के एनसीसी कैडेड दल को द्वितीय तथा वर्धमान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्काउट दल को तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया गया। झांकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शिक्षा विभाग को प्रथम,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी/जल निगम को द्वितीय तथा वन विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को संयुक्त रूप से तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में यह स्कूल सम्मानित हुए

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृखंला में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को प्रथम, ब्राईट मॉडल हायर सेकेण्डरी को द्वितीय तथा तारासदन स्कूल को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। मुख्य समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक अशोकनगर जजपाल सिंह, सीईओ जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, अतिरिक्त एसपी गजेन्द्र सिंह कंवर, जनप्रतिनिधिगण, पत्रकारगण, गणमान्य नागरिकगण,अधिकारी,कर्मचारी एवं स्कूल बच्चें उपस्थित थे।

## जिला मुख्यालय पर अनेक स्थानों पर हुए ध्वजा रोहण के आयोजन




**अशोकनगर।** गणतंत्र दिवस के मौके पर शहर में अनेक स्थानों पर ध्वजा रोहण के आयोजन हुए। जहां राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। स्थानीय कलेक्टर कार्यालय में ध्वजा रोहण कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा किया गया। एसपी कार्यालय पर ध्वजा रोहण पुलिस अधीक्षक राजीवकुमार मिश्रा ने किया। गांधी चैक पर ध्वजा रोहण विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी द्वारा किया गया, नगरपालिका पर ध्वजारोहण नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने किया। जिला पंचायत कार्यालय पर ध्वजारोहण राव अजय प्रताप यादव द्वारा किया गया, पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पर ध्वजारोहण प्राचार्य बीके गुप्ता ने किया। शहर शासकीय कार्यालयों के साथा सामाजिक संस्थाओं ने भी ध्वजारोहण के आयोजन किए। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अजीत जैन ने ध्वजा रोहण किया। इस मौके पर रोटरी के सदस्य भी मौजूद थे। इन्द्रापार्क पर ध्वजारोहण जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाह ने किया और भाजपा कार्यालय पर ध्वजारोहण भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने किया।

## लायंस हेल्पिंग हैंड ने मनाया बच्चों के साथ गणतंत्र दिवस




**अशोकनगर।** लायंस हेल्पिंग हैंड्स क्लब ने लायन सुनीता जैन की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस मनाया। इस मौके पर क्लब की सदस्यों द्वारा गरीब बस्ती में जाकर बच्चों के बीच यह राष्ट्रीय दिवस मनाया। पीएमजेफ लायन वैशाली सलूजा ने बताया कि क्लब सदस्यों द्वारा बस्ती के बच्चों के साथ राष्ट्र गीत गाया गया। उन्हें देश के प्रति सम्मान की भावना जगाने का प्रयास कर उन्हें अच्छा नागरिक बन देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें लडडू, मिठाई, चॉकलेट मोजे एवं कपड़े बांटे गए। कार्यक्रम में लायन कविता साहू, कोषाध्यक्ष ज्ञानेश्वरी सक्सेना, उपाध्यक्ष लायन किरण कुशवाह, रीना यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस की संध्या पर हुआ भारत पर्व का आयोजन



**अशोकनगर।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर जिला मुख्यालय के स्थानीय माधव भवन अशोकनगर में लोकतंत्र का लोकोत्सव भारत पर्व का आयोजन किया गया। भारत पर्व कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में मयंक तिवारी सागर के 15 सदस्यीय कलाकारों द्वारा बुन्देली बधाई नृत्य की प्रस्तुति, आवेश सिंह मुंगावली के 06 सदस्यीय कलाकारों द्वारा देश भक्ति पर आधारित बुंदेली लोक गायन की प्रस्तुति दी गई। साथ ही स्थानीय कवि प्रवेन्द्र भार्गव एवं जगदीश शर्मा द्वारा देशभक्ति पर आधारित रचनाओं का पाठ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान सहित अधिकारीगण, गणमान्य नागरिकगण,पत्रकारगण एवं आमजन नागरिक उपस्थित थे।

## शा.कन्या सीनियर छात्रावास में मनाया गणतंत्र दिवस

### ध्वजारोहण के साथ बालिकाओं ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति




**अशोकनगर।** शासकीय कन्या अनुसूचित जाति सीनियर छात्रावास शंकरपुर मगरदा रोड में सोमवार को 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्रावास की अधीक्षिका सिप्पी कलावत द्वारा प्राप्त 9:00 बजे ध्वजारोहण कर ध्वज को सलामी दी गई, राष्ट्रगीत का गान किया गया। इस दौरान संगीता पंथी सहित छात्रावास की छात्राएं उपस्थित थी। ध्वजारोहण के बाद नशा मुक्ति एवं पॉलीथिन मुक्त परिसर की बच्चों को शपथ दिलाई गई। शपथ के बाद छात्रावास की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान राष्ट्रीय गीतों पर एकल एवं सामूहिक नृत्य किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्रावास अधीक्षिका ने बताया कि 26 जनवरी 1950 को हमारे देश का संविधान लागू हुआ। जिसके अनुसार हमारे देश के शासकीय कार्यों का संचालन होता है। इसके दायरे में रहकर हर गतिविधियां संचालित की जाती। संविधान हमें स्वतंत्रता पूर्वक जीने का अधिकार प्रदान करता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात विशेष भोज का आयोजन किया गया।

# गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व के शुभ एवं गरिमामय अवसर पर जिला पुलिस अशोकनगर द्वारा विगत वर्ष के दौरान अपने शासकीय दायित्वों का उत्कृष्ट, निष्ठापूर्ण एवं अनुकरणीय रूप से निर्वहन करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित किए जाने हेतु पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कान्फ्रेंस हॉल में किया गया।

उक्त अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा निम्नलिखित अधिकारी एवं कर्मचारियों को उनके द्वारा कानून व्यवस्था संधारण, अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा, जनसेवा तथा विभागीय कार्यों के प्रभावी निष्पादन में किए गए सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

1.गजेन्द्र सिंह कंवर अति० पुलिस अधीक्षक अशोकनगर (लंदन ब्रिटेन में आयोजित मिड-केरियर प्रशिक्षण प्रोग्राम में चयनित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

2. विवेक वीरभद्र शर्मा- एसडीओपी अशोकनगर (कानून व्यवस्था एवं सामुदायिक पुलिसिंग, जनता से जीवंत संवाद रखने में)

3. सनम बी खांन एसडीओपी मुंगावली (कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु)

4. शिवमंगल सिंह- रक्षित निरीक्षक, पु० ला0 अशोकनगर (परेड कमाण्डर के रूप में परेड के उत्कृष्ट संचालन हेतु)

5. स्नेहा ठाकुर थाना प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक (यातायात नवाचार कार्य एवं यातायात सुरक्षा हेतू संचालित अभियानो में अच्छी चालानी कार्यवाही हेतु)

6. कार्य, निरीक्षक सुनील सिकरवार थाना प्रभारी शाढौरा (थाना शाढौरा अन्तर्गत लूट एवं डकैती के अपराधों के खुलासे एवं अज्ञात आरोपियों की पतारसी एवं गिरफ्तारी में उल्लेखनीय कार्य के लिये ।

7. कार्य. निरिक्षक रविप्रताप सिंह चैहान थाना प्रभारी कोतवाली (सर्वश्रेष्ठ थाना प्रभारी -01)

8. उनि भुवनेश शर्मा- थाना प्रभारी देहात (सर्वश्रेष्ठ थाना प्रभारी -02)

9. उनि अरविन्द कुशवाह थाना प्रभारी मुंगावली (सर्वश्रेष्ठ थाना प्रभारी -03)

10. आईना साहिबा- सूबेदार पुलिस लाईन अशोकनगर (परेड के उत्कृष्ट संचालन हेतु)




# जनसुनवाई में मात्र 134 आवेदक ही अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई के कार्यक्रम में मात्र 134 आवेदक ही अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे जिन्हे कलेक्टर द्वारा समक्ष में सुना गया और अधीनस्थ अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में ग्राम पिपरई निवासी गुड्डी बाई यादव द्वारा पीएम आवास एवं किसान सम्मान निधि दिलाए जाने,ग्राम बगुल्या निवासी मोहन सिंह पाल द्वारा नामांकन सही कराए जाने,ग्राम अमौदा निवासी आशाराम अहिरवार द्वारा किसान सम्मान निधि दिलाए जाने,ग्राम बमनावर निवासी द्वारा नक्शा सुधार कराए जाने,वार्ड नंबर 1 अशोकनगर निवासी विनोद कुर्मी द्वारा मजदूरी का भुगतान कराए जाने,ग्राम भौंरखाली निवासी चंद्रभान अहिरवार द्वारा मुक्तिधाम पर से कब्जा हटवाए जाने,ग्राम पिपरोदा निवासी भूपेन्द्र राय द्वारा नामांतरण कराए जाने,ग्राम बामौरा निवासी किशन अहिरवार द्वारा भूमि असिंचित कराए जाने,वार्ड 14 अशोकनगर निवासी सुरेन्द्र सिंह बैस द्वारा भूमि दिलाये जाने संबंधी समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर डी.एन. सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने हितानंद शर्मा की माता जी के स्वास्थ्य का जाना हाल-चाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह यादव गणतंत्र दिवस पर अशोकनगर जिले की ग्राम पंचायत मढ़ी महिदपुर में आयोजित विशेष ग्राम सभा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सरपंच और पंचों के साथ चर्चा कर ग्राम पंचायत में किए गए विकास कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके द्वारा बताई गई समस्याओं के निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही ग्रामीणों से शासन की जनकल्याणकारी योजना से लाभान्वितों के बारे में पूछा।

**गौशाला मढ़ी महिदपुर का किया निरीक्षण** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भ्रमण के दौरान मढ़ी महिदपुर गौशाला का निरीक्षण किया। गौशाला में गौ माता की पूजा कर गुड़ एवं चारा खिलाया। उन्होंने गौशाला संचालन की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। साथ ही गौशाला का संचालन बेहतर किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्राम पंचायत मढ़ी महिदपुर पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा की पूजनीय माताजी के स्वास्थ्य की जानकारी भी ली। साथ ही ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा संगठन महामंत्री की माताजी जनक दुलारी उम्र 88 वर्ष के निज निवास पहुंचकर परिवार के सदस्यों से कुशलक्षेम जानी। उन्होंने माता जी के चल रहे उपचार के बारे में भी जानकारी ली।



इस दौरान नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, विधायक चंदेरी जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, आलोक तिवारी, कमिश्नर ग्वालियर संभाग मनोज खत्री, आईजी अरविंद सक्सेना, कलेक्टर साकेत मालवीय, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों की विभिन्न प्रस्तुतियों ने मोहा मन

# मुख्य समारोह में नजर आई देशभक्ति संस्कृति और संस्कारों की झलक

**हर्षोल्लास से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस, मुख्यालय पर कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्वतंत्र भारत का 77वां गणतंत्र पर्व मुख्यालय सहित पूरे जिले में हर्षोल्लास एवं विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया गया। राजगढ़ के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए परेड की सलामी ली। इसके उपरान्त कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। मुख्य समारोह में सशस्त्र बल प्लाटून द्वारा हर्ष फायर किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने खुली जीप में परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी भी उनके साथ थे। समारोह में विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल (पुरुष), होमगार्ड बल, जिला पुलिस बल (महिला), शौर्य दल की टुकड़ियों द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा रंग-बिरंगी गणवेश में सामूहिक पीटी का भी प्रदर्शन किया गया। इसके उपरान्त स्वामी विवेकानंद स्कूल, राजेश्वर कान्वेंट, कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, उत्कृष्ट विद्यालय द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही कन्या स्कूल छापीहेड़ा, संस्कार स्कूल पचोर के विद्यार्थियों ने बैंड की शानदार प्रस्तुति दी।

### आकर्षण का केंद्र रहीं विभिन्न विभागों की झांकियां

समरोह में जिला पंचायत एवं आजीविका मिशन, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग एवं आत्मा, उद्यान विभाग, वन मण्डल, सर्व शिक्षा अभियान,जिला उद्योग केन्द्रा, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग अपने-अपने विभागों की योजनाओं को प्रदर्शित करने वाली आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन पर इन्हें मिला पुरस्कार

परेड प्रदर्शन में सीनियर डिवीजन में प्रथम पुरस्कार जिला महिला पुलिस बल, द्वितीय पुरस्कार जिला पुलिस बल एवं तृतीय पुरस्कार भूतपूर्व सैनिक राजगढ़ को मिला। इसी तरह जूनियर डिवीजन में प्रथम पुरस्कार स्काउट दल सीनियर शासकीय उच्च तर माध्योमिक विद्यालय, द्वितीय पुरस्कार शौर्य दल एवं तृतीय पुरस्कार रेडक्रास दल सीएम राईज स्कूल राजगढ़ को मिला। इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजेश्वर कान्वेंट स्कूल प्रथम, स्वामी विवेकानन्द स्कूल द्वितीय एवं उमावि राजगढ़ को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विभागीय झांकी प्रदर्शन में कृषि विभाग प्रथम, सर्व शिक्षा अभियान एवं पशु पालन एवं डेयरी विभाग की झांकियों ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## बारिश से मौसम का मिजाज बिगड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

बीती शाम करीब 1 घंटे तक बारिश हुई, जिससे क्षेत्र में मौसम ठंडा हो गया है। आसपास के गांवों से भी तेज हवा के साथ बारिश होने की सूचना मिल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम बड़नगरए बिलहरी में पानी के साथ 2 मिनट तक ओले भी गिरे, जिससे फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

# नाम बदलकर नाबालिग को प्रेमजाल में फंसाया, किया दुष्कर्म

## तलेन कस्बे का मामला, आरोपी पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




जिले के तलेन कस्बे निवासी एक युवक द्वारा एक नाबालिग किशोरी से अपना मूल नाम छिपाकर उससे दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने नाबालिग के कुछ आपत्तिजनक वीडियो भी बनाए जिन्हें वायरल करने की धमकी देकर वो लगातार उसे परेशान कर रहा था। बार-बार की धममियों से तंग आकर पीड़िता ने परिजनों को पूरी बात बताई। सोमवार रात्रि पीड़िता के परिजन सहित हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी थाने पहुंचे और मामले को लव-जिहाद से जुड़ा बताते हुए आरोपी पर एफआईआर और तत्काल गिरफ्तारी की मांग रखी। पुलिस ने आरोपी पर पॉक्सो एक्ट, दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है वहीं उसकी तलाश जारी है।

### क्या है पूरा मामला

एक नाबालिग किशोरी बीमार होने पर कस्बे के ही फिरोजिया अस्पताल गई थी जहां कार्यरत याहया खान नाम के युवक ने अपना नाम बदलकर किशोरी से जान-पहचान की। याहया मूल रूप से देवास निवासी था जो काम के लिए तलेन में रह रहा था। बाद में झूठे नाम से ही याहया खान ने किशोरी को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और डेढ़ माह पहले उसके साथ दुराचार किया। गत दिवस अभियुक्त याहया ने स्नैपचैट के जरिए फिर से किशोरी से संपर्क कर उसे मिलने बुलाया और एक सफेद रंग की कार में उसके साथ फिर दुराचार किया एवं वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी। बार-बार की धमकियों से परेशान किशोरी ने हिम्मत जुटाकर पूरी बात अपने परिजनों को बताई। परिजनों ने हिन्दू संगठनों से संपर्क किया और सोमवार रात्रि सभी तलेन थाने पहुंचे। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी पर दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## मौसम ने बदली करवटः सारंगपुर क्षेत्र में बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि



सारंगपुर। सोमवार को सारंगपुर नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में मौसम ने अचानक करवट ली। दोपहर बाद तेज हवा के साथ बारिश शुरू हुईए वहीं समीपवर्ती ग्राम खजुरिया घाटाए घमंडा भीलखेड़ी भैंसवा माता,हराना सहित दर्जनभर गांवों में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि दर्ज की गई। अचानक बदले मौसम से आमजन के साथ.साथ किसान भी सकते में आ गए। बारिश के कारण जहां तापमान में गिरावट आईए वहीं खेतों में खड़ी फसलों पर इसका सीधा असर देखने को मिला। किसानों का कहना है कि हल्की व सामान्य बारिश गेहूं की फसल के लिए लाभकारी मानी जाती हैए जिससे दाने में वजन बढ़ता हैए लेकिन कई गांवों में हुई ओलावृष्टि से गेहूं चना एवं सरसों की फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। ग्रामीण क्षेत्रों में ओले गिरने से खेतों में खड़ी फसल झुक गई, जिससे कटाई के समय परेशानी बढ़ सकती है। कुछ किसानों ने बताया कि यदि ओलावृष्टि का असर अधिक रहा तो उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। वहीं कई किसानों ने इसे प्राकृतिक संतुलन बताते हुए कहा कि बारिश से खेतों में नमी बनी रहेगी जिससे आगामी दिनों में फसल को फायदा भी मिल सकता है। बारिश के चलते सारंगपुर नगर में भी जनजीवन प्रभावित रहा। बाजार क्षेत्र में कीचड़ और पानी भरने से आवागमन बाधित हुआ।



















